**दिनांक 13.03.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में राज्य स्कीम मद से बांका जिलान्तर्गत 100 आसन वाले राजकीय आवासीय कल्याण बालक छात्रावास, पी0बी0एस0 कॉलेज बांका के निर्माण कार्य से प्राप्त परिवाद पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थिति:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | अध्यक्ष |
| (ii) | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | सदस्य |
| (iii) | **श्री मनोज कुमार सिंह,**<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | सदस्य |
| (iv) | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - राज्य स्कीम मद से बांका जिलान्तर्गत 100 आसन वाले राजकीय आवासीय कल्याण बालक छात्रावास, पी0बी0एस0 कॉलेज बांका के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - ₹4,90,62,000/- (सचिव, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग का ज्ञापांक-150 दिनांक-30.10.2024) |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹ 4,73,62,200/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-557(नि0) अनु0 दिनांक-03.06.2025) |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 4,70,83,083/- |
| 5 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-021159(भ0) 25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक-09.01.2026 में प्रकाशित। |
| 6 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 05.01.2026 |
| 7 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 27.01.2026 |
| 8 | निविदा की तिथि | - 07.02.2026 |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि | - 07.02.2026 |
| 10 | निविदादाता का नाम एवं पता | - |

(1) निवेश कुमार, बाबा भैहरण स्थान, बांका (Reg. No- 1240204, Class-I, BCD)।
(2) यादव अजित सिंह, शंकरपुर, मुफ्सिल, मुंगेर (Reg. No- 1250307, Class-I, BCD)।
(3) अभिनव, हनुमान नगर, कंकड़बाग, पटना (Reg. No- 1230051, Class-I, BCD)।
(4) बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई (Reg. No- 1230031, Class-I, BCD)।
(5) इन्फिनिटि वेंचर्स, राजेन्द्र नगर, पटना (Reg. No- 12440255, Class-I, RWD)।
(6) अनन्या इन्फ्रासिटी, खजपुरा, पटना (Reg. No- 2210067, Class-II, BCD)।
(7) जेनेक्स इन्फ्रा होम्स प्रा0 लि0, गोविन्दपुर, न्यू दिल्ली (Reg. No- 1230037, Class-I, BCD)।
(8) ओम प्रकाश तिवारी, जगदीशपुर, भागलपुर (Reg. No- 1250040, Class-I, BCD)।

11 तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य:-

प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाही:-

दिनांक-16.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस निविदा की वैधता (120 दिन) समाप्त हो जाने एवं प्रत्येक निविदाकार से निविदा की वैधता

E/V/T.F.P./2026-51

बढ़ाने पर सहमति पत्र अप्राप्त होने के कारण दर्ज आपत्ति/परिवाद पर विचार किये बिना ही आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

**<u>द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाही:-</u>**

दिनांक 25.02.2026 को संपन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे इस निविदा मे शामिल कुल आठ निविदाकार मे से पॉच निविदाकार को सफल एवं तीन निविदाकार को असफल किया गया। जो इस प्रकार है:-

<u>सफल निविदाकार:-</u>

(1) अभिनव, हनुमान नगर, कंकड़बाग, पटना (Reg. No- 1230051, Class-I, BCD)।
(2) बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई (Reg. No- 1230031, Class-I, BCD)।
(3) इन्फिनिटि वेंचर्स, राजेन्द्र नगर, पटना (Reg. No- 12440255, Class-I, RWD)।
(4) अनन्या इन्फ्रासिटी, खजपुरा, पटना (Reg. No- 2210067, Class-II, BCD)।
(5) जेनेक्स्स इन्फ्रा होम्स प्रा0 लि0, गोविन्दपुर, न्यू दिल्ली (Reg. No- 1230037, Class-I, BCD)।

<u>असफल निविदाकार:-</u>

(6) निवेश कुमार, बाबा भैहरण स्थान, बांका (Reg. No- 1240204, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहृत मांगी गयी विद्युतीकरण कार्य (₹31,73,267/-) के विरूद्ध निविदाकार द्वारा इलेक्ट्रिक कार्य हेतु सबकॉट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन संलग्न किया गया है, परन्तु सबकॉट्रैक्टर का इलेक्ट्रिक कार्य से संबंधित अनुभव प्रमाण अपलोड नहीं पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) तथा 4.5A(d) के तहृत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

(7) यादव अजित सिंह, शंकरपुर, मुफ्सिल, मुंगेर (Reg. No- 1250307, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि (1) SBD की कंडिका-4.5A(a) minimum annual financial turn over in any one financial year for last 5 years at least 50% of BOQ (2,67,14,808/-) के विरूद्ध निविदाकार द्वारा उपलब्ध कराये गये Annual Turn Over में maximum Annual Financial Turn Over 2,42,26,116/- (FY-2024-25- No indexation) आती है जो निविदा के शर्त्तो में मांगी गयी अर्हता को पुरा नहीं करता है। (2) निविदा शर्त्त में मांगी गयी The bidder must posses valid electrical licence के विरूद्ध समर्पित विद्युतीकरण निबंधन प्रमाण-पत्र में प्रमाण-पत्र की वैद्यता का उल्लेख नहीं पाया गया। (3) एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5B(a) के अन्तर्गत निविदा शर्त्त में मांगी गयी Concrete Mixer with integral weight Batching Facility (2Nos) के विरूद्ध समर्पित अभिलेख में मात्र एक का इनवाईस संलग्न किया गया अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(a) कंडिका-4.5B(a) के तहृत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

(8) ओम प्रकाश तिवारी, जगदीशपुर, भागलपुर (Reg. No- 1250040, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहृत मांगी गयी विद्युतीकरण कार्य (₹31,73,267/-) के विरूद्ध निविदाकार द्वारा इलेक्ट्रिक कार्य हेतु सबकॉट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन संलग्न किया गया है, परन्तु सबकॉट्रैक्टर का इलेक्ट्रिक कार्य से संबंधित अनुभव प्रमाण अपलोड नहीं पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) तथा 4.5A(d) के तहृत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

तकनीकी समिति के निर्णय पर आपत्ति दर्ज करने हेतु दिनांक-03.03.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया गया।

12 **प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-**

| निविदाकार द्वारा दिया गया आपत्ति | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय |
|---|---|
| (1) निविदाकार ओम प्रकाश तिवारी, जगदीशपुर, भागलपुर (Reg. No- 1250040, Class-I, BCD) के पत्रांक-शून्य दिनांक-02.03.2026 को पत्र के माध्यम से आपत्ति दिया गया है कि उपरोक्त कार्य की निविदा में मैंने इस बार तथा पूर्व में भी भाग लिया था। प्रथम बार की निविदा में Clarification के उपरांत सफल घोषित हुआ था परंतु 120 दिन बीत जाने के कारण निविदा रद्द कर दी गई। पुनः पूर्व निविदा आमंत्रण की गई जिसमें मुझे निविदा समिति के द्वारा कंडिका-4.5A(c) तथा 4.5A(d) के आलोक में सबकॉन्ट्रैक्टर का विद्युतीकरण से संबंधित अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड नहीं करने के कारण मुझे असफल कर दिया गया है। मेरे द्वारा पूर्व में निविदा में भी स्वयं का विद्यतीकरण से संबंधित प्रमाण-पत्र दिया गया था, जिसमें सफल घोषित हुआ तथा अन्य कई योजनाओं में भी इसी प्रमाण पत्र द्वारा सफल हुआ हूँ। एस बी डी, एनआईटी, शुद्ध पत्र, विभागीय वेबसाईट इत्यादि कही भी निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तक ऐसी कोई भी सूचना प्राप्त नहीं हुई कि अब मैं सबकॉंट्रैक्टर का भी अनुभव होना चाहिए, जबकि स्वयं का अनुभव प्रमाण-पत्र। मैं इस निविदा में अपलोड किया हूँ जो कि निविदा में मांगी गई राशि के अनुसार है अतः श्रीमान से अनुरोध है कि इस संबंध में सहानुभूतिपूर्वक विचार कर मुझे सफल घोषित किया करने की कृपा की जाय तथा इसके लिए मैं श्रीमान् का सदा अभारी बना रहूंगा। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार ओम प्रकाश तिवारी, जगदीशपुर, भागलपुर (Reg. No- 1250040. Class-I, BCD) के पत्रांक-शून्य दिनांक-02.03.2026 के द्वारा दिये गये आपत्ति के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गई, समीक्षोपरांत पाया गया कि SBD की कंडिका-4.5A(d) "The contractor or his identified sub-contractor should possess required valid electrical license for executing the building electrification works and should have executed similar electrical works for a minimum amount as indicated in Appendix in any one year." विद्युत संबंधि दिशानिर्देशों के व्याख्या के आलोक में निविदाकार द्वारा इलेक्ट्रिक कार्य हेतु सबकॉंट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन संलग्न किया गया है, परन्तु सबकॉंट्रैक्टर का इलेक्ट्रिक कार्य से संबंधित अनुभव प्रमाण अपलोड नहीं पाया गया, साथ ही निविदाकार का विद्युतीकरण कार्य से संबंधित कार्य अनुभव पाया गया, परन्तु विद्युत रजिस्ट्रेशन संलग्न नहीं पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) तथा 4.5A(d) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।<br>अतः निविदाकार ओम प्रकाश तिवारी, जगदीशपुर, भागलपुर द्वारा दिये गये परिवाद की जॉच की गयी एवं परिवादी द्वारा दिये गये परिवाद को अमान्य किया जाता है। |
| (2) निविदाकार निवेश कुमार, बाबा भैहरण स्थान, बांका (Reg. No- 1240204, Class-I, BCD) के पत्रांक-शून्य दिनांक-06.03.2026 को पत्र के माध्यम से आपत्ति दिया गया है कि भवन निर्माण विभाग, कार्य प्रमंडल बांका द्वारा आमंत्रित निविदा बांका जिलान्तर्गत 100 आसन वाले राजकीय आवासीय कल्याण बालक | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार निवेश कुमार, बाबा भैहरण स्थान, बांका (Reg. No- 1240204, Class-I, BCD) के द्वारा दिये गये आपत्ति के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गई, समीक्षोपरांत पाया गया कि SBD की कंडिका-4.5A(d) "The |

| | |
|---|---|
| छात्रावास, पीबीएस कॉलेज, बांका में में मैंने भाग लिया था, जिसकी तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मुझे कंडिका-4.5A(c) तथा 4.5A(d) के तहत Sub Contractor का इलेक्ट्रिक कार्य से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड नहीं कर पाये जाने के कारण असफल घोषित किया गया है। जबकि यह पुनर्निविदा है और इसके पूर्व इसी निविदा में मैंने इन्हीं सब कागजातों को निविदा में अपलोड किया था तथा निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा इसे सही भी माना गया था और सफल किया गया था। विभाग के द्वारा निविदा में इस कंडिका के तहत ₹31,73,267/- का विद्युतीकरण कार्य का अनुभव मॉगा गया था जबकि मेरे द्वारा स्वयं भवन निर्माण विभाग में किये गये कार्य में से ₹46,15,795/- रू का विद्युतीकरण कार्य से संबंधित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न किया गया है। Sub Contractor का भी अनुभव होना चाहिए अनिवार्य है ऐसा SBD या NIT में कही भी उल्लेख नहीं किया गया था तथा पूर्व में भी भवन निर्माण विभाग की योजनाओं में भाग लिया, सफल भी हुआ, कार्य आवंटित भी हुआ, तथा ससमय कार्य पूर्ण भी किया गया। उसमे भी मैने स्वयं का ही अनुभव प्रमाण पत्र दिया था। जबकि आपके विभाग द्वारा मॉगी इलेक्ट्रिक कार्य राशि का अनुभव प्रमाण-पत्र प्राप्त है। अतः श्रीमान से अनुरोध है कि तकनीकी बीड मूल्यांकन सहानुभूतिपूर्वक विचार कर मुझे सफल घोषित करने की कृपा की जाय। | contractor or his identified sub-contractor should possess required valid electrical license for executing the building electrification works and should have executed similar electrical works for a minimum amount as indicated in Appendix in any one year." विद्युत संबंधि दिशानिर्देशों के व्याख्या के आलोक में निविदाकार द्वारा इलेक्ट्रिक कार्य हेतु सबकॉन्ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन संलग्न किया गया है, परन्तु सबकॉन्ट्रैक्टर का इलेक्ट्रिक कार्य से संबंधित अनुभव प्रमाण अपलोड नहीं पाया गया, साथ ही निविदाकार का विद्युतीकरण कार्य से संबंधित कार्य अनुभव पाया गया, परन्तु विद्युत रजिस्ट्रेशन संलग्न नहीं पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) तथा 4.5A(d) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में "नॉन-रिसपॉसिव" पाया गया।<br>अतः निविदाकार निवेश कुमार, बाबा भैहरण स्थान, बांका द्वारा दिये गये परिवाद की जॉच की गयी एवं परिवादी द्वारा दिये गये परिवाद को अमान्य किया जाता है। |

अतः आठ निविदाकार में से पॉच निविदाकार को **"रिसपॉन्सिव"** एवं तीन निविदाकार को तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) अभिनव, हनुमान नगर, कंकड़बाग, पटना (Reg. No- 1230051, Class-I, BCD) (2) बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई (Reg. No- 1230031, Class-I, BCD) (3) इन्फिनिटि वेंचर्स, राजेन्द्र नगर, पटना (Reg. No- 12440255, Class-I, RWD) (4) अनन्या इन्फ्रासिंटी, खजपुरा, पटना (Reg. No- 2210067, Class-II, BCD) (5) जेनेक्स इन्फ्रा होम्स प्रा0 लि0, गोविन्दपुर, न्यू दिल्ली (Reg. No- 1230037, Class-I, BCD) को **सफल** (6) निवेश कुमार, बाबा भैहरण स्थान, बांका (Reg. No- 1240204, Class-I, BCD) (7) यादव अजित सिंह, शंकरपुर, मुफ्सिल, मुंगेर (Reg. No- 1250307, Class-I, BCD) (8) ओम प्रकाश तिवारी, जगदीशपुर, भागलपुर (Reg. No- 1250040, Class-I, BCD) को **असफल** घोषित करते हुए सफल निविदाकार का वित्तीय खोले जाने की अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

14 **<u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>**

सम्यक् विचारोपरांत विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह0/-<br>(विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | ह0/-<br>(मनोज कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता (द0)<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | ह0/-<br>(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त<br>-सह- विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | ह0/-<br>(कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0-04-11/2025.....828..... (ह0) पटना/दिनांक.....13/03/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(ह0) 13/3/26

मुख्य अभियंता (द0)।

13/3/26

E:/V/T.F.P./2026-55